हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 गायत्री प्रज्ञा पीठ निकुम में शिव पुराण कथा 108 पार्थिव ...


11 प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत ...




## बालोद के कीर्तन कुमार ने दिल्ली में विकसित भारत युवा संवाद में छग का किया प्रतिनिधित्व

### कीर्तन कुमार को कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से संवाद का अवसर मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2026 में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधि दल ने राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी और बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया के बाद प्रत्येक राज्य से 45 युवाओं का चयन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ की ओर से बालोद जिले के कीर्तन कुमार स्वामी भी शामिल रहे।

चार दिवसीय यह राष्ट्रीय आयोजन 9 से 12 जनवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में संपन्न हुआ, जिसमें देश के 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चयनित युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने विकसित भारत के विजन के अनुरूप अपने विचार, नवाचार और नीतिगत सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान कीर्तन कुमार को कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से सीधा संवाद करने का अवसर मिला। चर्चा में किसानों से जुड़ी जमीनी समस्याओं, आधुनिक तकनीक आधारित समाधानों और कृषि क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर विचार हुआ।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू से भी राज्य के प्रतिनिधि दल की मुलाकात हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रतिभाशाली और नेतृत्व क्षमता से भरपूर युवाओं का राज्य है।



**किया सम्मानित**

गांधी स्मृति, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद प्रदीप गांधी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधि दल को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कीर्तन कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ और बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए गर्व का विषय है और राज्य के युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।



### अभियान : जल संरक्षण, सोखता गड्ढा और मछली पालन पर जोर

## जिले में गूंजा वंदे मातरम 780, कार्यस्थलों पर 22 हजार से अधिक लोगों ने एक साथ किया राष्ट्रीय गीत का गायन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ एक सुर : जिले के 559 गांवों में गूंजा राष्ट्रीय गीत

वंदे मातरम 150वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव के द्वितीय चरण में 19 जनवरी को बालोद जिले में विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत जिले के 559 ग्रामों 780 मनरेगा कार्यस्थलों पर 22 हजार 365 श्रमिकों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, बिहान समूह के दीदीयों द्वारा एक समय में सुबह 11 बजे वंदे मातरम का गायन किया गया। राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विशेष पहल से यह आयोजन जिला में किया गया। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखंड के ग्राम चंदनबिरही में कार्यरत 85 मनरेगा श्रमिकों द्वारा वंदे मातरम का गायन के साथ आर्कषक मानव श्रृंखला भी तैयार किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत भेजा के आश्रित ग्राम नवागांव में कार्यस्थल पर 68 श्रमिक एवं बिहान समूहों के महिला सदस्यों सहित कुल 102 व्यक्तियों द्वारा वंदेमातरम का गायन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी उपस्थित ने मनरेगा श्रमिकों से विस्तृत चर्चा की। सीईओ चंद्रवंशी ने श्रमिकों को घरेलू उपयोग के जल को गली में बहाव को रोकते हुए सोखता गड्ढा निर्माण कर जल संरक्षण की दिशा में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया। ज्ञातव्य है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल संरक्षण हेतु विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस दौरान सीईओ श्री सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने विकसित भारत जी राम जी योजना के संबंध विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। उन्होंने इस योजना के तहत वर्ष में 125 मानव दिवस रोजगार की गांरटी, बेरोजगारी भत्ता के प्रावधान तथा इसमें अधिकतर कार्य जल सहित प्राकृतिक सम्पदा के संरक्षण एवं संर्वधन के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बिहान एसएचजी के दीदीयों से चर्चा करते हुए आजीविका डबरी जैसे व्यक्ति मूलक कार्यो से लाभ लेते हुए इसमें मछलीपालन से अतरिक्त आय सृजन करने प्रोत्साहित किया। सीईओ श्री चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के समय–सीमा में निर्माण कराए जाने पर भी चर्चा किया गया। उल्लेखनीय है कि वन्देमातरम की 150वी वर्षगांठ स्मरणोत्सव 07 नवंबर 2025 से 07 नवंबर 2026 तक 04 चरणों में आयोजित होगी। जिसके प्रथम चरण का शुभांरभ 07 नवंबर 2025 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा किया गया। द्वितीय चरण का आयोजन 19 से 26 जनवरी, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त 2026 हर घर तिंरगा अभियान के साथ तथा चतुर्थ चरण 01 से 07 नवंबर 2026 तक आयोजित होगी। जिसमें राज्य, जिला, ब्लॉक तथा ग्राम स्तर पर शासकीय तथा अर्धशासकीय कार्यालयों के साथ–साथ निजी प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन की आयोजन किया जा रहा है।






## 900 कट्टे धान से लदा ट्रक मिला लावारिस चालक के खिलाफ मामला रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुरुर विकासखण्ड के बड़भूम क्षेत्र मे लावारिस हालत में मिले धान से भरे ट्रक के मामले में परिवहन कंपनी के मैनेजर द्वारा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 316(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले मे विभागीय जांच भी चल रही है।

दमन मंदीप रोड़ लाइन्स राजनांदगांव के जनरल मैंनेजर तोरण दुबे ने पुलिस को बताया कि हमारे कम्पनी की ट्रक जिला बालोद में धान परिवहन कार्य मे लगा हुआ है, हमारी गाड़ी सीजी 08 एवी 1711 है। जिसे ड्रायवर हरि प्रसाद केंवट द्वारा 13 जनवरी को 04:32 बजे धान संग्रहन केन्द्र कोडेवा जिला बालोद से 900 कट्टा धान भरकर धान संग्रहन केन्द्र ग्राम मालीघोरी जिला बालोद में 06:26 बजे शाम को पहुंचने के बाद कांटे की लाईन में ट्रक लगा था, 14 जनवरी को सुबह ड्रायवर ने मुझे मोबाईल से बताया कि ट्रक स्टार्ट नहीं हो रहा है, अल्टीनेटर खराब हो गया, तब मैं मिस्त्री से दिखवाने बोला था। 16 जनवरी को रात्रि 08:12 बजे ड्रायवर ने मुझे काल कर पूछा कि गाड़ी खाली हो सकती है, उसके बाद कहां जाना है, तब मैंने गाड़ी खाली होने के बाद ग्राम पिरीद धान खरीदी केन्द्र जाने की बात बोला था, जिसके बाद रात्रि 10 बजे मालीघोरी से ट्रक निकलने का जीपीएस में समय दिखा रहा है, उसी समय ट्रक का जीपीएस बंद हो गया, 17 जनवरी को डीएमओ बालोद से जानकारी मिला कि ट्रक सीजी 08 एवी 1711 धान सहित ग्राम दमकसा से बड़भूम के बीच पाई गई है, जिसकी सूचना पर गाड़ी मालिक मंदीप सिंह के साथ जाकर देखा तो ट्रक सीजी 08 एवी 1711 रोड़ में खड़ा हुआ था, उस गाड़ी में धान के बंधे रस्सी केबिन में मिला तथा ट्रक में धान के कट्टा भरा हुआ था, उसमे धान के कट्टे कम पाया गया जिसकी सूचना गुरूर स्टाफ के द्वारा फोन से ट्रक लावारिस हाताल में पड़े होने की जानकरी भी दिये है, तब ड्रायवर ने एक विड़ियों भेजा जिसमें ट्रक में धान का कट्टा पुरा भरा हुआ था, उसी विड़ियों में ड्रायवर हरि प्रसाद केंवट ट्रक को छोड़कर घर जाने की बात बोल रहा है। ड्रायवर हरि प्रसाद केंवट के द्वारा ट्रक सीजी 08 एवी 1711को धान के कट्टा सहित दमकसा से बड़भूम के बीच ले जाकर छोड़ दिया था। ट्रक का खाद्य ▶▶| शेष पेज 10 पर

### खबर संक्षेप

#### दसवीं में टॉप टेन हासिल करने पर राहुल गंजीर होंगे मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित



**बालोद/निकुम।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड वर्ष 2024 में प्रदेश में कक्षा दसवीं में टॉप टेन सूची में चतुर्थ स्थान प्राप्त करने पर देवरी द अर्जुन्दा निवासी राहुल गंजीर को आगामी 23 जनवरी शुक्रवार को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। राहुल गंजीर के इस उपलब्धि पर माता पिता, विद्यालय परिवार एवं अर्जुन्दा नगर वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

#### कमरौद हनुमान मंदिर से चांदी के आभूषण चोरी



**बालोद/लाटाबोड़।** जिले के प्रसिद्ध मंदिरो में से एक कमरौद स्थित हनुमान जी के मंदिर मे एक बार फिर चोरो ने मंदिर के सोने, चांदी व नगदी सहित लाखो की चोरी को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कमरौद के प्रसिद्ध भूमिफोड़ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में अज्ञात चोर भगवान हनुमान की मूर्ति के जेवरात चोरी कर लिए। इसके पूर्व भी मंदिर मे पिछले कुछ वर्षों में चोरी हो चुकी है जहां चोरो ने मंदिर में चोरी करने के साथ मंदिर में लगे कुछ सीसीटीव्ही कैमरे भी उखाड़ ले जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे में चोरो के बढ़ते हौसले ना सिर्फ मंदिर समिति के लिए चिंता का सबक है बल्कि क्षेत्र के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। वही मिली जानकारी के अनुसार मंदिर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा चालू था पर रिकॉर्डिंग उसमें सेव नहीं हो रहा था। सीसीटीव्ही में कुछ दिन से तकनीकी दिक्कत थी। जिसे समिति द्वारा सुधरवाने का प्रयास किया जा रहा था।

#### मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**गुरूर।** ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधे श्याम साहू के मार्गदर्शन में गुरूर ब्लॉक जिला बालोद में ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन को ओबीसी अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू एवं अध्यक्ष ओबीसी महिला प्रकोष्ठ वर्षा संजय साहू के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान अधिवक्ता चंद्रहास सिन्हा, अधिवक्ता रामसाय पटेल, भुपेश सिन्हा, अधिवक्ता हिरा लाल बनपेला, अधिवक्ता भागीरथी सिन्हा, त्रिवेंद्र कुमार साहू, अधिवक्ता ऋषि कुमार सिन्हा सहित सभी ओबीसी महासभा के सदस्य उपस्थित थे।

#### 23 को जिला स्तरीय पशु मेला, सांसद विजय बघेल होंगे मुख्य अतिथि

**जामगांव आर।** पशु धन विकास विभाग द्वारा ग्राम औरी जामगांव आर में 23 जनवरी को 10 बजे से 5 बजे तक जिला स्तरीय पशु मेला उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति नीलम राजेश चंद्राकर करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, जनपद अध्यक्ष कीर्ति दुर्गेश नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जनपद सदस्य द्वय रवि सिन्हा, रामकुमार चंद्राकर और सरपंच मीनू शर्मा मंच पर आसीन रहेंगे। उक्त जानकारी पशु चिकित्सालय डॉ बी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बालोद जिला की सत्या बनीं विहिप की राजनांदगांव विभाग संयोजिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



■ तीन जिलों में संगठन को करेंगी मजबूत

विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की दो दिवसीय बैठक महासमुंद में आयोजित हुआ। जहां बालोद जिला मातृशक्ति संगठन की जिला संयोजिका सत्या साहू को राजनांदगांव विभाग संयोजिका का नवीन दायित्व दिया गया।

सत्या साहू लंबे समय से हिंदू संगठन से जुड़कर धर्म समाज की मजबूती के लिए जिला स्तर पर कार्य कर रही है, छत्तीसगढ़ प्रांत संगठन ने इनके बेहतर कार्य को देखते हुए इनको बड़ी जिम्मेदारी दी है। सत्या साहू अब विभाग संयोजिका के रूप में राजनांदगांव, बालोद, मोहला मानपुर जिला में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगी। विश्व हिंदू परिषद के इस बैठक में केंद्रीय पदाधिकारी बसंत रथ, दुर्गावाहिनी की राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा माहला, क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पवार, प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा, संघ के प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन, प्रांत सह मंत्री नंदू राम साहू उपस्थित थे। प्रांत बैठक के अंतिम दिवस समापन पूर्व प्रांत मंत्री पूर्णेन्दु सिन्हा ने इसकी घोषणा की व समस्त पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति पर सहमति दी। सत्या साहू को नवीन जिम्मेदारी मिलने पर जिला विहिप अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री पोषण बनपेला, टूमन साहू, जिला उपाध्यक्ष ममता यदु, अजय अग्रवाल, नीलेश श्रीवास्त, जिला कोषाध्यक्ष राजेश सोनी जिला सह मंत्री उमेश सेन, मोनू सोनवानी, जिला संपर्क प्रमुख परस साहू, कैलाश साहू, प्रेम शुक्ला, जिला विधि प्रकोष्ठ संयोजक सेवन साहू, संगीता शर्मा, शिवम डडसेना, रविकांत कोसरिया, प्रदीप मिनपाल, बाल संस्कार जिला प्रमुख पूजा जैन, योगिता साहू, भारती बांडे, उषा साहू, जानकी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### कलेक्टर मिश्रा ने दिव्यांग बालिका को दिए कृत्रिम पैर और वॉकर

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खर्रा के दिव्यांग बालिका कुमारी रीना निषाद को कृत्रिम पैर एवं वॉकर प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने दिव्यांग बालिका कुमारी रीना एवं उनके परिजनों से कुशलक्षेम भी पूछा। मिश्रा ने दिव्यांग बालिका कुमारी रीना को पूरे मनोयोग से विद्या अध्ययन करते हुए जीवन में उलपब्धि हासिल करने की समझाईश भी दी। इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बालिका कुमारी रीना के पैरों का भी अवलोकन किया।




## शहीद गेंद सिंह नायक का शहादत दिवस हल्बा आदिवासी समाज आज मनाएगा

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गणमान्य अतिथि होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

■ पंडाल, मंच, भोजन और हेलीपैड की व्यापक तैयारियां

अखिल भारतीय हल्बा आदिवासी समाज द्वारा शाहिद गेंद सिंह नायक की 201वीं शहादत दिवस 20 जनवरी मंगलवार को डोंडी के समीप ग्राम नर्राटोला हवाई अड्डा पर मनाया जाएगा। सोमवार को नर्रा टोला गांव महिला पुरूष कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई फेलेक्स सजाने के लिए अपनी भागीदारी देते नजर आए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामाजिक मुखिया लोगों ने सभी 15 प्रभाग के पदाधिकाररियों की बैठक लिए कार्यक्रम सवा बारह बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी सामाजिक लोगों ने बताया कि सीएम साय 2 बजे पहुंचगे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री राम विचार नेताम केदार कश्यप भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल होंगे। शहादत दिवस के लिए सामाजिक लोगों द्वारा पंडाल मंच भोजन ब्यवस्था आदि के लिए व्यापक तैयारी की है। इसके अलावा प्रशासन द्वारा भी हेलीपैड का निर्माण जारी है। इसके साथ ही यहां पर आदिवासी संस्कृति का स्टॉल और है हाट बाजार मड़ई मेला आदि लगेगा साथ ही बालोद दल्ली राजहरा डोंडी कच्चे भानुप्रताप पुर क्षेत्र सभी समाज के मुखिया के अलावा गांव में निवासरत लोग कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।



### पूर्व विधायक संजारी भैय्याराम सिन्हा ने आदिवासी संस्कृति पर डाला प्रकाश

## ग्राम नर्रा में छग गोण्डवाना गोंड़ महासभा का एक दिवसीय सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कलश यात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया

छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद का एक दिवसीय सम्मेलन ग्राम नर्रा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद भैय्याराम सिन्हा ने कहा आदिवासी संस्कृति का छत्तीसगढ़ व पूरे भारत में ही नहीं, पूरे विश्व में विशेष पहचान है, बस्तर में आदिवासीयों का गढ़ है, लकड़ीयों के विभिन्न शिल्पकला मौजूद है, विभिन्न प्राकृतिक स्थल है, जल, जंगल, जमीन से जुड़े जीवन प्राणाली है, आदिवासी इसे बचाने के लिए सघंर्ष रत हैं, उन्होंने कहा समाज शिक्षित और जागरुक हो रहा है, रुपोटोला के बच्चे आज डीईओ में पढ़ाई कर रहा है यह समाज का गौरव है। कार्यक्रम में कलश यात्रा निकालकर पूरे गांव का भ्रमण किया। विशेष अतिथि राकेश यादव ने कहा गोंड़वाना समाज के सभा एकता से अन्य समाज को सीख मिला है तथा ग्रामीणों के मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान वैभव साहू, सरस्वती टेमरिया, नीलिमा श्याम, मिथलेश नुरुटी, उमेंदी राम गंगराले, फरंता उईके, निवेन्द टेकाम, सभा अध्यक्ष प्रेमलाल ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रतिभा वान छात्र छात्रओं को प्रतीक दे कर सम्मान किया गया, साथ ही आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य विभिन्न ग्रामों के लया लयोर ने सराहनी प्रस्तुति दी।

इस कार्यक्रम में सुखचौन नेताम, भोलाराम नेताम, गंगाराम दर्रो, आत्माराम कौड़ो, ईश्वर उईके, नेमसिंह, मोतीराम उईके, ओमप्रकाश नेताम, दुष्यंत ओंटी, नागेश, कामता प्रसाद, शैलेन्द्र कोड़प्पा, विजयेन्द्र, दयालू नेताम, दिलीप मंडावी, मनीष, भावेश, रेखराम, ऐनूराम, धर्मेश, संतोष, पवन, अशोक, तिजेश्वरी पडोटी, रुपा मंडावी, नरेन्द्र, नरेश व महिला पुरुष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव कृष्णकुमार ठाकुर ने किया तथा अभार प्रदर्शन मंजू प्रभाकर ने किया।





## स्काउटर जितेंद्र को राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ स्कूल लौटने पर शाला परिवार ने किया अभिनंदन

राष्ट्रीय जम्बूरी में बालोद के स्काउटर जितेंद्र शर्मा को उत्कृष्ठ सेवा हेतु सम्मानित किया गया। उन्हे छत्तीसगढ़ नाइट का मंच संचालन, राष्ट्रीय भारत स्काउट्स गाइड्स की ई मैगजीन, मीडिया हाउस के पत्रकारों से समन्वय, एनएचक्यू उच्चाधिकारियों का अतिथि सत्कार, आवास आदि महत्वपूर्ण कार्यो को उत्कृष्ठता से संपादित करने पर सम्मानित किया गया।

ग्राम दुधली मे आयोजित राष्ट्रीय जम्बूरी में छत्तीसगढ़ के सक्रिय स्काउटर गाइडर्स, रोवर रेंजर्स लीडर्स की सेवाएं कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में ली गई। जितेंद्र शर्मा गुरुर विकासखण्ड के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फागुन्दाह में व्याख्याता के पद पर दपस्थ है। जम्बूरी समाप्ति पश्चात जितेंद्र शर्मा के स्कूल लौटने पर प्राचार्य एलएस रावटे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गिरीश हिरवानी के नेतृव में शाला परिवार, छात्र संघ तथा शाला प्रबंधन समिति द्वारा उनका सम्मान व अभिनंदन किया गया।



## खबर संक्षेप



### शास्त्री अस्पताल को भेंट की तीन व्हील चेयर

**भिलाई।** नर सेवा ही नारायण सेवा शिव जी अर्पण सेवा समिति द्वारा मानवता की सेवा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अस्पताल में आने वाले मरीज जिन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है। उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल (सुपेला) को 3 व्हील चेयर भेंट की गईं।अस्पताल प्रबंधन के मार्गदर्शन और आवश्यकतानुसार दी गई ये व्हील चेयर मरीजों के आवागमन को सुगम बनाएंगी। समिति का लक्ष्य सदैव समाज के जरुरतमंदों की सहायता करना है। इस दौरान रोहन समेत समिति के लोग मौजूद थे।

### शक्ति योजना के लिए 22 हजार महिलाओं ने भरे फार्म



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा में विधायक रिकेश सेन की शक्ति योजना को अच्छा समर्थन मिला है। योजना के लिए करीब 22 हजार कामकाजी महिलाओं ने फार्म जमा किए हैं। स्क्रूटनी और वेरिफिकेशन के बाद लोकांगन परिसर से योजना का शुभारंभ किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं की मौजूदगी देखी गई। विधायक रिकेश सेन ने बताया कि शक्ति योजना का उद्देश्य दूसरों के घरों में काम कर परिवार का भरण-पोषण कर रही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुविधाएं और स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे ताकि महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। शक्ति योजना से जुड़ी महिलाओं को निःशुल्क साक्षरता, कंप्यूटर और कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जांच, स्वरोजगार सहायता और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस पहल से हजारों मेहनतकश महिलाओं के जीवन में आत्मसम्मान और स्वावलंबन की नई राह खुलेगी।

### लाखों रुपए के गांजा समेत आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा की तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मोहन नगर पुलिस को मुखबिर की सूचना पर अंडरब्रिज के पास नीले रंग के पिट्ठू बैग में गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में अपना नाम महाराणा पाड़ा, ग्राम पंडीगांव, जय पटना, जिला कालाहांडी ओडिशा निवासी चैतन्य सबर बताया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 3 पैकेट गांजा का 160 किलो गराम बरामद किया। जिसकी कीमत 1.58 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। कार्रवाई में मोहन नगर टीआई केशव राम कोशले समेत उनकी टीम मौजूद थे।

### जम्बूरी में फूड प्लाजा प्रदर्शन में दुर्ग का रहा बेहतर प्रदर्शन

**दुर्ग ।** प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 का आयोजन बालोद के ग्राम दुधली में किया गया। जिले से 84 रोवर, 85 रेंजर, 22 स्कॉउटर और 15 गाइडर राज्य सहित 206 ने अपनी प्रतिभागिता एवं सहभागिता दी। जम्बूरी में छत्तीसगढ़ राज्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 9 ए ग्रेड और 6 बी ग्रेड प्राप्त किया।

## पेज 9 के शेष

### 900 कट्टे धान से ..

विभाग बालोद के द्वारा जप्त कर थाना गुरूर में जप्त कर सुरक्षार्थ रखे है।

### बालोद जिला की ...

यादव, वीणा साहू, विमला साहू, भगवती सिन्हा, दुर्गावाहिनी संयोजिका दीपिका साहू, ललिता रानी, जितेंद्र सहाड़ा, दुर्गेश साहू, डाकेश साहू, मुरली साहू, रोमा राय, स्वप्निल शर्मा, पंकज साहू, शुभम दुबे, वीरेंद्र साहू सहित तीनों जिलों के कार्यकर्ताओं व संगठन के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

### 23 को जिला ...

मुखोपाध्याय ने देते हुए पशु पालकों ग्रामीणों को भरपूर लाभ उठाने की अपील किए।

# कटरेल में चौपाल आयोजित, विकसित भारत रोजगार गारंटी मिशन से जगी नई उम्मीद

## अब साल में मिलेगा 125 दिन का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





जिले के डौण्डी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम कटरेल में आज विकास की एक नई उम्मीद देखने को मिली। यहां आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को ''विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण'' की विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें रोजगार गारंटी के दिनों को बढ़ाने और भुगतान प्रक्रिया को त्वरित करने की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

इस महत्वपूर्ण चौपाल में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जनपद पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, नगर पंचायत डौण्डी की अध्यक्ष मोहंतीन चौरका और एथलेटिक संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया ने भी विशेष रूप से शिरकत की। चौपाल को संबोधित करते हुए यशवंत जैन ने योजना के नवीन प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत जी राम जी के तहत अब रोजगार के अवसरों में वृद्धि की गई है। अब ग्रामीणों को साल में 125 दिनों का निश्चित रोजगार मिलेगा। कार्य समाप्त होने के मात्र 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से मजदूरी का भुगतान किया जाएगा। वर्षा ऋतु में खेती–किसानी के कार्यों को ध्यान में रखते हुए 02 माह तक कार्य बंद रखने का प्रावधान किया गया है, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हों। जैन ने बताया कि ग्राम पंचायतों को 2047 तक विकसित ग्राम पंचायत बनाने की परिकल्पना के साथ कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्यों को मुख्य रूप से चार श्रेणियों में बांटा गया है, जिसमें जल सुरक्षा और संरक्षण कार्य, ग्रामीण अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन, जलवायु परिवर्तन व प्रतिकूल मौसम से निपटने वाले कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसमें अकुशल श्रमिकों को कौशल विकास से जोड़कर उनकी आजीविका को सुकृढ़ करने और सामाजिक अंकेक्षण को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ग्रामीणों को कैप पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

## आयोजन : जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी रहीं मुख्य अतिथि

# सलोनी, भोथीपार और खलारी में मानस गान प्रतियोगिता, भक्ति रस में डूबा ग्रामीण अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्रामीण अंचलों में भक्ति से सराबोर भव्य आयोजन किया गया। ग्राम सलोनी, भोथीपार और खलारी में आयोजित मानस गान प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर सम्मिलित हुईं। इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री रामचंद्र जी की पूजा–अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से न केवल गांव में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होता है, बल्कि युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का अवसर मिलता है। चंद्राकर ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मानस की चौपाइयां हमें सत्य, धैर्य और मर्यादा का मार्ग दिखाती हैं। आज के भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक शांति के लिए भक्ति और सत्संग अत्यंत आवश्यक हैं। सलोनी, भोथीपार और खलारी के ग्रामीणों ने जिस श्रद्धा के साथ इस प्रतियोगिता का आयोजन किया है, वह प्रशंसनीय है। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। वाद्ययंत्रें की थाप पर जब रामायण की चौपाइयां गूंजीं, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस दौरान ग्राम सलोनी के मानसगान सम्मेलन कार्यक्रम में सरपंच ग्राम सलोनी राजेश्वरी पडोटी, पूर्व सरपंच गजाधर सिन्हा, पूर्व सरपंच यादव सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष भूपत सिन्हा, तामेश्वर सिन्हा, पूर्व सरपंच सिंधया सिन्हा, डोमन सिंह पडोटी, हरक सिन्हा, लेखनाथ साहू, आयोजक समिति अध्यक्ष चित्रेश देशमुख, उद्घोषक सीताराम साहू, ग्राम भोथीपार के कार्यक्रम में अध्यक्ष सरपंच संघ गुण्डरदेही लेखराम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष माखन मंडावी, अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज कलंगपुर झग्गर साहू, जिलाध्यक्ष किसान संघ बालोद सावंत राम साहू, अध्यक्ष साहू समाज भोथीपार नेतराम साहू, उत्तम साहू, शिवकुमार अंगारे, गोपीराम साहू, अध्यक्ष आयोजक समिति हेसेन्द्र पूरी गोस्वामी, उद्घोषक महेन्द्र कुमार मंडावी तथा ग्राम खलारी में पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच खालारी राजेश शोरी, डीआर साहू, नाथूराम साहू, उपसरपंच रामेश्वरी साहू, लखन लाल साहू, जेपी साहू, भोलाशंकर साहू, अध्यक्ष आयोजक समिति खुबलाल साहू, भारत साहू, वेदप्रकाश साहू, लक्ष्मीकांत साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ब्लॉक अध्यक्षों ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल से की मुलाकात, जताया आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के हाल ही में नियुक्त किए गए सभी ब्लॉक अध्यक्षगणों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, भूपेंद्र यादव के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भिलाई 3 निवास में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों ने पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपे गए नवीन दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सौजन्य मुलाकात के दौरान सभी ब्लॉक अध्यक्षों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने यह भी संकल्प लिया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करेंगे, आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे तथा पार्टी की विचारधारा और जनकल्याणकारी नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर नर्सिंग नाथ, जी राजू, गुड्डा खान, सौरभ मिश्रा, सौरभ दत्ता, दानेश्वरी साहू, दिनेश पटेल, सीजू एंथोनी, एकांश बंछोर, सुमित पावर सहित अन्य मौजूद थे।

# धर्मांतरित हो चुके सिख समाज की ओर लौटें, गुरमत के मार्ग पर एकजुट हों



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सिख पंचायत एवं यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में गुरुद्वारा श्री गुरु अर्जन देव हाउसिंग बोर्ड में भव्य रूप से गुरु मान्यो ग्रंथ चेतना समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संत बाबा रणजीत सिंह खालसा ढडरियांवाले का सान्निध्य लोगो को मिला।

कार्यक्रम में यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह विशेष रूप से शामिल हुए। समागम के दौरान सिख समाज की सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मलकित सिंह और महासचिव जसवंत सिंह सैनी को संत बाबा रणजीत सिंह खालसा द्वारा सरोपाव भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बाबा रणजीत सिंह खालसा ने सिख समाज के उन लोगों की घर वापसी अपील की पहल करने सराहना की, जो विभिन्न कारणों से अन्य धर्म-पंथों में धर्मान्तरित हो चुके हैं। उन्होंने सिख समाज से इस विषय पर जागरूक होने, समाज को एकजुट रखने एवं गुरमत के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा ऐसे परिवार या व्यक्ति फिर से सिख धर्म में घर वापसी करते हैं, तो यूथ सिख सेवा समिति भिलाई उन्हें सामाजिक, धार्मिक और मानवीय स्तर पर हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करेगी ताकि वे सम्मानपूर्वक और सहज रूप से समाज से फिर से जुड़ सकें।

# डुण्डेरा में विधायक ने किया एक करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम डुण्डेरा, वार्ड क्रमांक 35 डुण्डेरा पश्चिम में आज विकास कार्यों की बड़ी सौगात मिली। दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण और अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने करीब 1 करोड़ रुपये के नवीन विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर प्रीकास्ट आरसीसी यू-ड्रेन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया, जिसकी कुल लागत 48.73 लाख रुपये है। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 35 में दो प्रमुख डामरीकृत सड़क संधारण कार्यों का शुभारंभ भी किया गया। पहला कार्य दशरथ साहू के निवास से नरसिंग देवांगन के निवास तक, जिसकी लागत 25.80 लाख रुपये है, जबकि दूसरा कार्य रामकुमार चक्रधारी के निवास से शिवकली केसरी के निवास तक किया जाएगा, जिसकी लागत 24.55 लाख रुपये है। इस मौके पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हर गांव तक विकास पहुंचे, यही उनकी प्राथमिकता है।

# अछोटी में गुहा निषादराज जयंती धूमधाम से मनाई गई, हजारों की संख्या में उमड़ा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरदा चगोंरी परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अछोटी में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के अनन्य भक्त एवं सखा गुहा निषादराज जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। अध्यक्षता डॉक्टर घनश्याम निषाद ने की विशेष अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज एवं गुडरण्देही विधायक कुंवर सिंह निषाद व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद,जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा पूर्व जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद, जिला एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ बिरेंद्र कुमार निषाद, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, पूर्व सरपंच घनश्याम दिल्लीवार, पूर्व अध्यक्ष शिवनारायण दिल्लीवार, सचिव संतोष जलतारे प्रदेश अंकेक्षक मलेश निषाद गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री रामचंद्र श्रेंगवेरपुर के महाराजा गुहा निषाद राज गंगा पार करने वाले नत्था केवट की पूजा अर्चना से हुई। सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाल कर गांव में भ्रमण किया मंच संचालन वीरू निषाद ने की।

अतिथि द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान हुआ। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2024-25 में कक्षा 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिससे विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम में सभी महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे।जिससे आयोजन की गरिमा, सांस्कृतिक पहचान और भी सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम का समापन समाज को और अधिक संगठित, शिक्षित व सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में हजारों की बड़ी संख्या में सामाजिक महिलाएं बुजुर्ग बच्चे शामिल हुए। जिला अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद ने संबोधित करते हुए निषाद समाज के योगदान को रेखांकित किया। समाज प्रमुखों ने सामाजिक एकता पर जोड़ देते हुए। युवा पीढ़ी नशा पान से दूर रहकर कार्य करने की बात कही।

राष्ट्रीय संगठन महामंत्री कोमल देव निषाद ने संबोधित करते हुए। इस देश के कुर्बानी देने वाले समाज अपने हक अधिकार के लिए आज भी लड़ रहा है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम निषाद जिला प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार निषाद संतोष जलतारे संगठन सचिव ओमप्रकाश निषाद जिला एवं प्रदेश अंकेक्षक मल्लेश निषाद विनोद निषाद राजकुमार निषाद डीकेश्वरी निषाद चोवा राम निषाद नरेंद्र निषाद सत्यभामा निषाद हेमबती निषाद सुमन निषाद केसर निषाद परिक्षेत्र अध्यक्ष हिन्छा राम निषाद, वीरू निषाद खिलेश्वर निषाद भीम सिंह निषाद सियाराम निषाद बड़ी संख्या में निषाद समाज के महिला पुरूष उपस्थित रहे।

## 28 विद्यालयों के 196 पेंटिंग व 35 रंगोली में छात्र-छात्राओं का हिस्सा

# रोड सेफ्टी और ट्रैफिक नियम को लेकर रंगोली पेंटिंग स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

## सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, हेलमेट का उपयोग, सीट बेल्ट दिखा



सड़क सुरक्षा माह को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने शहीद पार्क सेक्टर-5 में रोड सेफ्टी एवं ट्रैफिक रूल्स थीम पर रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान शहर 28 विद्यालयों से 196 पेंटिंग और 35 रंगोली बनाने छात्र-छात्राएं पहुंचे। इसमें सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, ट्रैफिक नियमों के पालन का संदेश रचनात्मक शैली में पेश किया। प्रतिभागियों ने अपने चित्रों एवं रंगोली के माध्यम से हेलमेट के उपयोग, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल के पालन, तेज गति से वाहन न चलाने, सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने, जिम्मादरी नागरिक बनने जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से उकेरा है। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक समूह स्वयं सिद्धा द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। हेलमेट के अनिवार्य उपयोग, रैश ड्राइविंग से बचने, ट्रिपल सवारी न करने, ड्रिंक एंड ड्राइव न करने अन्य ट्रैफिक नियमों के पालन करने छात्र-छात्राओं अभिभावकों को जागरूक करना है। विशेष रूप से अभिभावकों को यह संदेश दिया गया कि वे 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन चलाने की अनुमति न दें। जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

### पालकों को दी गई जानकारी

प्रतियोगिता में एएसपी ट्रैफिक सुश्री ऋचा मिश्रा ने सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों से सड़क हादसों के उदाहरण पेश किए। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। सभी से ट्रैफिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने, सुरक्षित ड्राइविंग को अपनी आदत में शामिल करने, दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, ट्रैफिक नियमों के पालन को व्यवहार में उतारने, समाज में सुरक्षित ट्रैफिक संस्कृति विकसित करने का प्रभावी संदेश दिया गया।

# ट्विनसिटी के मुसाफिरों पर भारी पड़ रही ट्रेनों की घंटों लेटलतीफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसी स्लीपर बसों में शिफ्ट हो रहे मुसाफिर मुंबई कोलकाता व गोवा से लेकर प्रयागराज व हैदराबाद तक दौड़ रही सैकड़ों बसें ट्विनसिटी से गुजरने वाली ट्रेनों की लेटलतीफी मुसाफिरों पर भारी पड़ रही है। आमतौर पर ट्रेनों में सफर करने वाले यात्री अब परेशान होकर धीरे धीरे रात्रिकालीन एसी स्लीपर बसों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं।

बसों से प्रदेश के अलावा अन्य महानगरों व अन्य शहरों में सफर करने वाले लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। मुसाफिरों के लिए बसों में आवागमन आरामदेह होने के साथ द्रुतगामी भी है। पिछले लंबे समय से मुंबई- हावड़ा रेल मार्ग सहित अन्य रुट की गाड़ियों विलंब से चल रही हैं। यह लेटलतीफी अब बढ़ती जा रही है। पहले माल गाड़ियों को पासिंग देने और अब चौथे ट्रैक की तैयारी व मेंटेंनेंस के चलते अधिकतर ट्रेनें पांच से दस घंटे लेट चल रही हैं।

इस कारण यात्रियों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे बचने के लिए अनेक लोग अब भिलाई दुर्ग से गुजरने वाली रात्रिकालीन एसी स्लीपर बसों में सफर करने मजबूर हो रहे हैं। दुर्ग से करीबन सौ बसें रोज नागपुर - जगदलपुर बैलाडीला रुट व अंबिकापुर रुट सहित देशभर के शहरों व महानगरों के लिए आवाजाही कर रही हैं। इनमें सैकड़ों यात्री सफर कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर कल

**बालोद।** जिला पुलिस बालोद द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा माह 2026 के तहत 21 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन 10:30 बजे से जिला चिकित्सालय बालोद में किया गया है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक कल

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 21 जनवरी को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### मोतियाबिंद मुक्त भारत अभियान के तहत 22 जनवरी को शिविर

**बालोद।** मोतियाबिंद मुक्त भारत के सफल क्रियान्वयन हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा मोतियाबिंद से ग्रसित वरिष्ठ नागरिकों के चिन्हांकन हेतु 22 जनवरी को शिविर का आयोजन किया गया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रलय द्वारा संचालित 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के अंतर्गत 'मोतियाबिंद मुक्त भारत' कार्ययोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के तहत जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए 22 जनवरी 2026 को मोतियाबिंद चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह शिविर 22 जनवरी को समाज कल्याण विभाग परिसर में सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले के ऐसे 100 वरिष्ठ नागरिकों की पहचान करना है जो मोतियाबिंद की समस्या से ग्रसित हैं। स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय निकायों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में नेत्र विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा। चयनित 100 मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क ऑपरेशन 01 फरवरी को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स रायपुर में कराया जाएगा। गेडाम ने जिले के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों को शिविर में आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज फोटो लेकर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है।

## निधन

### कुंती बाई चंद्राकर

**अंडा।** ग्राम अंडा आबादी पारा निवासी श्रीमती कुंती बाई चंद्राकर उम्र 70 वर्ष का अस्वस्थता के चलते 19 जनवरी को निधन हो गया।



वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहीं थीं। गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। परम पिता परमेश्वर मृतात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे। इस खद बेला में परिजनों को संबल प्रदान करे। वे एमन चंद्राकर (अंडा पंचायत नल पंप आपरेटर) की माता व सोम (ईशु) चन्द्राकर के दादी जी थे।

**न्यायालय तहसीलदार, डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.)**

**-: उद्घोषणा :-**

क्रमांक / 865/प्र./तह./2026

डौण्डी दिनांक 15/01/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि आवेदकगण कमलनारायण पिता स्व. कृष्णमुरली वगै. जाति ब्राम्हण, निवासी डौण्डी तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम डौण्डी प.ह.नं. 24 में स्थित भूमि ख. नं०. 833/1, 834, 852/1. रकबा 0.46, 0.24, 1.30, हे. कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 2.00 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृष्णमुरारी पिता रामनारायण के नाम पर दर्ज है। आवेदकगण के पिता कृष्णमुरारी पिता रामनारायण का मृत्यु दिनांक 06/11/2025 को हो चुकी है। कृष्णमुरारी अपने जीवन काल में आवेदकगण के नाम पर दिनांक 04/11/2025 को पंजीकृत वसीयतनामा के माध्यम से कमलनारायण पिता कृष्णमुरली, गीता बाई पिता कृष्णमुरारी, के नाम पर वसीयतनामा तहरीर किया गया है। आवेदकगण वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण कराने के लिए आवेदन पेश किया है। आवेदन के समर्थन में वसीयतनामा का छायाप्रति, बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 02/02/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 15/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
डौण्डी

## योजना : आवास निर्माण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और आय सृजन

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जिले में आवास निर्माण कार्य जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



- 258 स्व-सहायता समूह और सामुदायिक संगठन निर्माण कार्य में सक्रिय भूमिका

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों का निर्माण जिले में तीव्र गति से किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण योजना के तहत आवास निर्माण शीघ्र ही बिहान के संकुल स्तरीय संगठनों, ग्राम संगठन एवं समूह के वित्तीय सहायता के माध्यम से कराए जाने का निर्देश है।

जिले में योजना प्रारंभ से अब तक कुल 53 हजार 621 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुए है। जिसमें से 38 हजार 986 पूर्ण हो चुके है। वर्ष 2024-25 में 18 हजार 245 आवास स्वीकृत किया गया जिसमें 7733 पूर्ण है। आवास निर्माण के समय-सीमा एवं गुणवत्तायुक्त निर्माण हेतु जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' के माध्यम से इन आवासों को अभिसरित किया गया है।

ज्ञातव्य है कि बिहान के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को बैंक से सुलभ एवं किफायती दर पर ऋण प्राप्त होता है। जिले मे स्वीकृत आवासों मे से 47 हजार 112 परिवार के सदस्य बिहान से जुड़े हैं। आवास निर्माण हेतु शासन द्वारा निर्धारित अनुदान राशि 1.20 लाख 90 दिवस मनरेगा मजदुरी दिवस प्राप्त होता है। साथ ही हितग्राहियों को आवास के बेहतर, सर्व सुविधायुक्त निर्माण हेतु हितग्राहियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। इसके तहत बिहान द्वारा प्रदत्त सुलभ ऋण को आवास हितग्राहियों तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत अभी तक 03 हजार 572 आवास हितग्राहियों को 8.21 करोड़ ऋण बिहान के माध्यम से प्रदाय कराया गया है। साथ ही जिले के कुछ क्षेत्रें में बडी संख्या में आवास की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन क्षेत्रे में आवास निर्माण संबंधी मूलभुत आवश्यकताओं यथा सेंटिंग प्लेट, मिक्सचर मशीन, आदि की पूर्ति हेतु बिहान अंतर्गत गठित समुदाय आधारित संगठन एवं सदस्य सामने आई है। जिले के 258 समूह एवं सदस्यों द्वारा सेंट्रिंग प्लेट तथा मिक्सचर मशीन, क्रय कर आवास हितग्राहियों को रियायती दर पर उपलब्ध कराया गया है, जिससे एक और शासन के मंशानुरूप समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास का निर्माण हो रहा है तो दुसरी ओर महिलाओं को स्वरोजगार का अवसर भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास निर्माण से बिहान स्व-सहायता समूह के 16 दीदी लखपति दीदी बनी है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत जननी महिला संकुल संगठन दुधली के द्वारा सेन्ट्रींग प्लेट का कार्य किया जा रहा है। संकुल अध्यक्ष फगनी कोमरे ने बताया कि हमारे संकुल द्वारा सेंट्रींग प्लेट रियायती दर में उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे संकुल का आय सृजन हो रही है और समूह से जुड़ी हमारी दीदीयों को रियायती दर में सामग्री भी उपलब्ध करायी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम-सिरपुर, ग्राम पंचायत-बगईकोन्हा के दुलसिया बाई, संगवारी स्व-सहायता समूह जिनका आवास स्वीकृत हुआ, जिन्हे आवास निर्माण हेतु शासन की स्वीकृति राशि के अतिरिक्त हमारे संकुल द्वारा 60000 बैंक एवं सीआईएफ राशि ऋण के रूप में उपलब्ध कराया गया, बाजार मूल्य से कम दाम में ईंट एवं ढलाई हेतु रियायती दर में सेंट्रींग सामान उपलब्ध कराया गया। जिससे दीदी की आवास निर्माण में व्यय लागत कम हुआ तथा सुगमता से निर्माण सामग्री की पहुँच से दीदी को कम समय में अपने आवास को पूर्ण करने में आसानी हुई। जननी महिला संकुल संगठन द्वारा अब तक 11 आवास हितग्राही को सेंट्रींग सामान उपलब्ध कराया गया। जिससे 72 हजार 200 रूपये आय अर्जित किया जा चुका है। संकुल के दीदीयों के द्वारा ईट निर्माण कार्य से अब तक 15 हितग्राहियों को घर एवं शौचालय निर्माण हेतु ईट उपलब्ध कराया गया जिससे 108000 रूप्ये आमदानी प्राप्त हुआ है।

जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि "प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवासो का गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा में निर्माण तथा बिहान के दीदीयों को स्व-रोजगार से जोडने के अभिसरण मॉडल के तहत शासन के मंशानुरूप जिले में कार्य कराया जा रहा हैं। जिले की कुल 258 स्व-सहायता समूह, सामूदायिक संगठन द्वारा सेंट्रिंग प्लेट तथा मिक्सचर मशीन, ईंट निर्माण आदि कार्यो से 46.50 लाख के आय अर्जित किया गया है।

# जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य जारी, 1462 करोड़ का भुगतान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



- सुगम और पारदर्शी तरीके से धान खरीदी प्रक्रिया संचालित

राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत बालोद जिले में धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक जारी है। जिसके अंतर्गत जिले में अब तक 01 लाख 28 हजार 466 किसानों से 61 लाख 60 हजार 669 क्विंटल से अधिक धान की खरीदी कर 1462 करोड़ 66 लाख 88 हजार रूपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सतत मॉनिटरिंग कर रहे है। इसके साथ ही धान खरीदी कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित की गई है। इसके अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु पहुँचने वाले किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उनके लिए शुद्ध पेजयल, छांव, बैठक इत्यादि के अलावा शौचालय आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा खाद्य, सहकारिता एवं संबंधित विभाग के अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत किल्लेकोड़ा में 15 छात्राओं को साइकिल वितरीत



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोड़ा में शासन की महत्वाकांक्षी निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा नवमी में अध्ययनरत 15 बालिकाओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति तथा विद्यालय स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही। साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन समिति के सदस्य वीरेंद्र कुल्हार्य, अधन सिन्हा, चंद्रशेखर उप सरपंच, ललिता गांवरे पूर्व सरपंच तथा गैंदलाल तारम द्वारा छात्राओं को अबीर-गुलाल लगाकर सम्मानित किया गया और पालकों की उपस्थिति में साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर छात्राओं के चेहरे पर विशेष उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम में अजय मुखर्जी प्राचार्य, डॉ. बी.एल. साहसी, सी.जी. पटेल, जे.पी. बांधव, हेमेन्द्र साहू, घनश्याम पटेल , ललित देवहारी , त्रिजिला ठाकुर, मुक्ति, खगेश ठाकुर एवं कुशल देवदास सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य अजय मुखर्जी ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन की यह योजना वनांचल क्षेत्र की छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी है। निशुल्क साइकिल मिलने से छात्राओं को घर से विद्यालय तक आवागमन में सुविधा होगी, समय की बचत होगी तथा वे नियमित और अनुशासित रूप से विद्यालय आ सकेंगी। इससे बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत भव्य आयोजन



**दल्ली राजहरा।** वंदे मातरम समिति द्वारा स्थानीय बस स्टैंड स्थित उद्यान में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ श्रद्धा, गर्व और राष्ट्रीय चेतना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत वातावरण देखने को मिला। समिति अध्यक्ष श्री जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह वही उद्घोष है जिसने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विदेशी शासन की नींव को हिला दिया था। राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होना प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव का विषय है। दल्ली विधानसभा मीडिया प्रभारी भूपेंद्र डहरवाल ने कहा कि 'वंदे मातरम्' ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत आने वाली पीढ़ियों को भी राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित यह गीत स्वतंत्रता संग्राम में असंख्य वीरों के लिए संकल्प और साहस का स्रोत बना। 'वंदे मातरम्' का उद्घोष आज भी कठिन समय में 140 करोड़ नागरिकों को एकजुट करने की शक्ति रखता है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष तोरनलाल साहू, अनाज किराना संघ अध्यक्ष कैलाश छाजेड़, व्यापारी संघ महामंत्री अशोक लोहिया, वार्ड क्रमांक 24 एवं 21 के पार्षद विशाल मोटवानी, भूपेंद्र श्रीवास, समाजसेवी शेखर रेड्डी, प्रेमचंद जैन, चुनाव संचालन समिति अध्यक्ष शिखरचंद जैन, राजेश अग्रवाल, भूपेंद्र डहरवाल, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इकाई दल्ली राजहरा के पदाधिकारी, बस स्टैंड के व्यापारी मस्तान, मोहम्मद इमरान, राकेश शर्मा, रवि यादव, चाय वाला भाऊ सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्राम खुर्सीपार में संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

**अंडा।** तहसील अर्जुन्दा अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार (निकुम) में आस्था और भक्ति के वातावरण के बीच तीन दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह पावन आयोजन 04, 05 एवं 06 फरवरी 2026 को बुधवार, गुरुवार एवं शुक्रवार को संपन्न होगा। इस धार्मिक आयोजन में सुप्रसिद्ध कीर्तनकार श्री कामता प्रसाद (कुडेरादादर, गरियाबंद) द्वारा श्रीराम चरित्र का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। कथा के दौरान भजन, कीर्तन एवं रामकथा प्रसंगों से ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बनेगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक पोषण लाल हरमुख एवं मुन्नी हरमुख हैं। आयोजन हरमुख परिवार एवं समस्त ग्रामवासी खुर्सीपार के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर श्री राम कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। ग्रामवासियों में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### अर्जुन्दा में हाईमास्ट लाइट रिपेयर के लिए मिनी स्काई लिफ्ट खरीदी का प्रस्ताव पारित किया

**बालोद।** जिले के नगर पंचायत अर्जुन्दा में लगे हाईमास्ट लाईट के रिपेयरिंग हेतु मिनी स्काई लिफ्ट क्रय किया जाएगा। नगर पंचायत अर्जुंदा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि 04 सितंबर 2025 को आयोजित पीआईसी की बैठक में नगर पंचायत अर्जुंदा में लगे हाईमास्ट लाईट एवं ट्यूबलर पोल के मरम्मत हेतु 18 लाख रूपये की अनुमानित लागत से मिनी स्काई लिफ्ट की खरीदी हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शर्मा ने बताया कि वर्तमान में नगर पंचायत के पीआईसी के द्वारा हाईमास्ट लाईट लगाने हेतु किसी प्रकार का प्रस्ताव पारित नही किया गया है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत अर्जुंदा में लगभग 01 साल पहले लगाए गए हाईमास्ट लाईट के मरम्मत एवं संधारण हेतु 04 सितंबर 2025 को आयोजित पीआईसी की बैठक में हाईमास्ट लाईट एवं ट्यूबलर पोल के मरम्मत हेतु अनुमानित 18 लाख रूपये की लागत से मिनी स्काई लिफ्ट खरीदी करने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया है।

# मानसगान सम्मेलन के समापन व टीना शेड लोकार्पण में शामिल हुए पूर्व विधायक सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर है मानस मंडली : सिन्हा

संजारी बालोद विधानसभा के पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा गुरुर ब्लॉक के ग्राम चूल्हापथरा में ग्रामवासी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन के समापन एवं विधायक निधि से निर्मित टीना शेड के लोकार्पण कार्यक्रम मे शामिल होकर भगवान श्री रामचंद्र जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना की।

इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरी दुनिया में रामायण का मंचन और मानस गान के जरिए आराध्य देव की पूजा-अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में रामायण मानस मंडली महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं, यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। आयोजकों द्वारा रामायण प्रतियोगिता कराकर रामायण का फैलाव जन-जन में हो तथा हमारी नई पीढ़ी बच्चों में भी संस्कार आए, इस दृष्टि से कार्यक्रम आयोजन किया जाता है। हमारी संस्कृति को रक्षित करने के लिए यह एक अच्छा साधन है। ग्रामीणों की मंशा अनुरूप विधायक निधि से टीना शेड का निर्माण किया गया है। समाजिक, सांस्कृतिक धार्मिक आयोजनों के लिए होने वाले असुविधा से अब आप लोगो को मुक्ति मिलेगी। हम क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा सजगता से कार्य कर रहे है, बस आप लोगो का आशीर्वाद स्नेह हमेशा बना रहे, अभूतपूर्व स्वगात सम्मान के लिए आप सभी का आभार। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुमित राजा राजपूत, सरपंच ग्राम पंचायत कन्हारपूरी तेजराम साहू, बूथ अध्यक्ष उत्तम साहू, ललित दुबे, गौकरण साहू, सहित उपसरपंच पंचगण ग्राम के नागरिक एवं ग्रामवाशी उपस्थित थे।

# बालोद में सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत स्कूल बस चेकिंग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



सड़क सुरक्षा माह 2026 के दौरान आरटीओ एवं यातायात विभाग बालोद संयुक्त रूप से जिले में संचालित स्कूल बस का चेकिंग शिविर का आयोजन किया गया। संयुक्त चेकिंग के दौरान जिले में संचालित 24 स्कूल बसों का निरीक्षण किया गया।

स्कूली बसों में खामी पाएं जाने पर खामीपूर्ति कर अवगत कराने निर्देश दिए गए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रलय भारत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 से 31 जनवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। परिवहन विभाग बालोद एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले में संचालित 24 स्कूली बसों का निरीक्षण परिवहन कार्यालय बालोद के सामने किया गया है। स्कूली बसों के निरीक्षण के दौरान बसों को सुप्रीम कोर्ट के गाईडलाइन के अनुसार फर्स्ट एड बॉक्स, पैनिक बटन, इमरजेंसी डोर, सीसीटीवी कैमरा दुरूस्त रखने, डायल 112 पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर बोर्ड में लिखवाने, नर्सरी एवं छोटे बच्चों के लिए महिला परिचालिका रखने, स्कूली बस्तों को रखने के लिए पर्याप्त स्थान रखने संबंधी महत्वपूर्ण निर्देशों के अनुरूप बसों को चेक किया गया। खामी पाएं जाने वाले स्कूल चालकों एवं संचालकों को हिदायत दिया गया है कि 07 दिवस के अंदर खामीपूतएँ कर परिवहन विभाग बालोद को अवगत कराएं। स्कूली बस चालकों, संचालकों एवं लायसेंस बनवाने आएं आम जनों को वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों को पालन करने, जिम्मेदार नागरिक बनने, सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहने की हिदायत दिया गया साथ ही जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों के प्रति सजगता से पालन करने की समझाईश दिया गया है।

# संस्कारों से ही जीवन की सार्थकता: सभापति जपं नरेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- रामचरितमानस के आदर्श अपनाने का दिया संदेश

मकर संक्रांति के अवसर पर तीन दिवसीय मानस गान सम्मेलन एवं दीप महायज्ञ ग्राम मोहारा में संपन्न हुआ। जिसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर नरेश कुमार साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरमरीकला पूरनलाल साहू ने किया। अति विशेष अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सरपंच ग्राम पंचायत अरमरीकला धनेंद्र साहू, सेवा निवृत्त बीएसपी कर्मी रामकुमार राय, सेक्टर सुपरवाइजर माहुद ईश्वर नागवंशी, देवनारायण सिन्हा, चेतन साहू, पंच देवघर धनकर, ग्राम पंचायत मोहारा रोशन लाल हिरवानी के अतिथि में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्री रामचंद्र भगवान के तैल चित्रें पर पूजा आरती किया गया। उदबोधन में नरेश साहू ने कहा रामचरितमानस के मार्ग पर चलकर अच्छी बातों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए, रामचरितमानस के माध्यम से हमें सीख मिलता है कि हमें जीवन में अच्छे कर्म करना चाहिए और दूसरे का सहयोग करना चाहिए। सभापति डॉक्टर गंजीर ने कहा रामचरितमानस में जो हमें सिखाया जाता है, उसको हम अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए, तब हमारा रामचरितमानस करना सार्थक है और बच्चों में शिक्षा और संस्कार दे ताकि हमारे बच्चे अच्छे बने तब हमारे जिंदगी सार्थक है।

सभी अतिथियों ने उद्बोधन के माध्यम से जनमान को परोसने का प्रयास किया। इस अवसर पर केवल निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, धनाराम साहू, संतोष कुमार साहू, गोपी साहू, मुकेश साहू, पुनाराम ट्रेलर एवं ग्राम मोहारा के माताएं, भाइयों एवं बच्चे उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन भूषण लाल सार्वा ने किया एवं समस्त ग्राम मोहारा की सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### चिचबोड़ गांव बीएसएफ जवान अक्षय पटेल के स्वागत किया गया

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम चिचबोड़ में ट्रेनिंग से लौटे जवान अक्षय कुमार पटेल का भव्य स्वागत ग्रामवासियों द्वारा किया गया। जवान पटेल ग्रामीण क्षेत्र से निवास करते हुए अपनी घर की परिस्थिति से वाकिफ होकर अपनी जज्बा और अनुशासन से मेहनत करते हुए बीएसएफ में चयन हुए। एक कृषक परिवार से है पिता पुनीत राम पटेल और माता गोदावरी पटेल के सुपुत्र है।

### ग्राम खुरसूनी में मेला मड़ई 22 जनवरी को

**बालोद/निकुम।** ग्राम खुरसूनी में 22 जनवरी गुरुवार को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। जिसके रात्रि में छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी की प्रस्तुति रखा गया है। यह जानकारी आयोजक समिति के भूषण साहू ने दिया।

### ग्राम चिंगरी में मड़ई मेला कल

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में मातर चौतरा नया जगह पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मड़ई मेला का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह पारंपरिक मेला 21 जनवरी को आयोजित होगा, इस अवसर पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत रात 10:00 बजे से मोर मयारू नाच पार्टी साराबोग जिला (उड़ीसा) वालों का प्रसिद्ध नाच पार्टी आयोजित किया गया है। उड़ीसा की यह नृत्य मंडली अपनी रंग-बिरंगी वेशभूषा, लोकगीतों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों के लिए जानी जाती है। नाच पार्टी के आयोजन से दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलेगा और देर रात तक सांस्कृतिक माहौल बना रहेगा।

### ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन 22 से



**अंडा।** ग्राम परसदा (डगनिया) में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से हिन्दु सनातन युवा मंच परसदा-डगनिया के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 जनवरी 2026 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल मैदान, ग्राम-परसदा (डगनिया), जिला-बालोद (छत्तीसगढ़) में किया जाएगा, जहां राज्य के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से आई टीमें अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। आयोजकों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार घोषित किए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में नगद राशि एवं विनर कप प्रदान किया जाएगा, जो जन सहयोग से प्रदत्त है। वहीं द्वितीय पुरस्कार के रूप में नगद राशि एवं विनर कप दिया जाएगा, जिसे माननीय जसवंत सिन्हा जी, समाजसेवक एवं जनसेवक, गुंडरदेही द्वारा प्रदत्त किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक ग्रामीण टीमों से भाग लेने की अपील की है।

## आयोजन : ग्रामीण स्तरीय शाकंबरी जयंती में उमड़ा समाजजन

# शाकंबरी जयंती में शामिल हुईं विधायक संगीता, टिन शेड निर्माण की घोषणा भी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोलिहामार में आयोजित ग्रामीण कोसरिया पटेल मरार समाज के ग्रामीण स्तरीय शाकम्बरी जयंती मे मुख्य अथिति के रूप मे शामिल हुई। कार्यक्रम में सरपंच संगीता चतुर्वेदी उपस्थित थी। विधायक ने ग्राम के नीम चौरा चौक में टीन शेड निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक ने माता शाकम्बरी की विधिवत पूजा अर्चना कर समाज एवं क्षेत्रवासियो सुख, समृद्धि कल्याण की कामना की। विधायक ने कहा की माता शाकम्बरी को अन्न, प्राकृति और करुणा की प्रतीक है, ऐसे आयोंजन समाज को एकता के सूत्र मे बाँधने के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। आगे उन्होंने कहा की पटेल समाज सदैव परिश्रमी, आत्मनिर्भर, स्वभिमानी समाज रहा है, मरार पटेल समाज हमेशा सेवा, सम्पर्ण, सहकारीता का भाव रखने वाला समाज है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुमीत राजपूत, भूषण गोस्वामी आशीष महमल्ला, ग्रामीण अध्यक्ष पीलाराम महमल्ला, कमलेश पटेल, महेश पटेल, थानसिंह पटेल, ताम्रध्वज पटेल, मंजू पटेल, यशोदा पटेल, लक्ष्मण पटेल सहित सामाजिक सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### खम्हरिया में मरार पटेल समाज ने मां शाकंभरी जयंती मनाई



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया में मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित मां शाकंभरी महोत्सव एवं क्षेत्रीय सामाजिक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, प्रदेश अध्यक्ष सुनील पटेल, जिला अध्यक्ष गया प्रसाद पटेल, आत्माराम पटेल, मोरया पटेल, मानेंद्र पटेल, शेषनारायण पटेल, हितेन्द्र पटेल, सुंदर लाल पटेल, पूर्व सरपंच सुखित यादव, द्रोपती साहू सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज प्रमुखों एवं ग्रामजनों द्वारा परंपरा अनुसार साग-सब्जी भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने माँ शाकंभरी की विधिवत पूजा-अर्चना कर समाज के लोगों को पौष पूर्णिमा एवं मां शाकंभरी जयंती की शुभकामनाएं दीं। सभा को संबोधित करते हुए ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पटेल समाज मेहनतकश, संगठित एवं प्रकृति का संरक्षक समाज है, जो हरी सब्जियों के उत्पादन के माध्यम से जनमानस को स्वस्थ रखने का कार्य कर रहा है। उन्होंने समाज द्वारा शिक्षा, सामाजिक समरसता, सेवा कार्यों एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज को व्यवसाय के साथ-साथ शिक्षा को भी प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि कृषि जैसे पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिक तकनीक से जोड़कर समाज और अधिक प्रगति कर सके। उन्होंने महात्मा सावित्रीबाई फुले के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा समाज के उत्थान का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी भी देखने को मिली, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरार पटेल समाज द्वारा सब्जी वितरण के माध्यम से शाकाहारी जीवनशैली एवं स्वस्थ खानपान को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया।

## ग्राम मुडखुसरा में मनरेगा कार्यस्थल पर वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मुडखुसरा में प्रशासन के निर्देशानुसार वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ मनरेगा कार्यस्थल पर देशभक्ति एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ किया गया, जिससे पूरे स्थल पर राष्ट्रप्रेम और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत मुडखुसरा के सरपंच ईश्वर दयाल चन्द्राकार, सभी पंचगण, स्वच्छता से जुड़ी महिलाएं, बिहान समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाई और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच श्री ईश्वर दयाल चन्द्राकार ने कहा कि वंदे मातरम गीत हमारी मातृभूमि के प्रति सम्मान, त्याग और समर्पण का प्रतीक है। इसकी 150वीं वर्षगांठ हमें स्वतंत्रता आंदोलन की भावना और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीणों में देशभक्ति के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत होती है। मनरेगा कार्यस्थल पर आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता और श्रम की महत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया। स्वच्छता दीदियों एवं बिहान समूह की महिलाओं ने गांव को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने का संदेश दिया तथा नियमित साफ-सफाई और सामूहिक श्रमदान का आह्वान किया। उपस्थित ग्रामीणों ने भी स्वच्छता, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ के इस आयोजन ने ग्राम मुडखुसरा में राष्ट्रभक्ति, एकता और सामाजिक जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ किया।

# जामगांव (आर) में गणतंत्र दिवस की भव्य तैयारी: सरपंच की अध्यक्षता में हुई बैठक



- विद्यालय, बैंक, आंगनबाड़ी और सार्वजनिक संस्थाओं में ध्वजारोहण

**जामगांव आर।** गणतंत्र दिवस 2026 को जामगांव आर के संस्थाओं में ध्वजारोहण कराने शिक्षण संस्थाओं के विद्याथऍयो की उपस्थिति एवं समय निर्धारित करने ग्राम पंचायत जामगांव आर के सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने जामगांव आर के सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक सोमवार को ग्राम पंचायत भवन में लिए।

ग्राम पंचायत सर्व संस्था बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी, थाना, ग्रामीण बैंक, उपतहसील, सहकारी बैंक, पशु चिकित्सालय, आंगनबाड़ी में पहुंचकर ध्वजारोहण संपन्न कराएंगे। सेजस डीएम हॉस्पिटल, ग्राम पंचायत भवन और किसान चौक में ध्वजारोहण कराएंगे। विजन स्कूल सेवा सहकारी समिति और विद्युत कार्यालय में तथा प्राथमिक शाला आंगनबाड़ी क्रमांक एक, दो, तीन चार में ध्वजारोहण कराने का दायित्व निर्वहन करेंगे। विद्यालय अपने अपने विद्यालयों में ध्वजारोहण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक प्रहसन जो योजना में संपन्न करा सकेंगे।

सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि संविधान दिवस पर नियमों का पालन करते हुए भाईचारा को अपडेट करने संस्थाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण संपन्न कराए।सामूहिक रूप से समवेत स्वर में गगन भेदी नारे के साथ भारत माता की जयकारा लगाए संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर को कृतज्ञता प्रगट करते हुए नतमस्तक हो जाए।

संस्थाओं के प्रतिनिधि बैठक में सरपंच रूपेंद्र कुमार शुक्ला, सहायक प्राध्यापक कॉलेज रजनीश तिवारी, पशु चिकित्सक डॉ बी मुखोपाध्याय, उप प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर लिकेश्वर साहू, ग्रामीण बैंक बीएम सौरभ सोनकरडी, सेजस जामगांव आरके साहू, विद्युत विभाग जितेंद्र वर्मा, विजन पब्लिक स्कूल बीना वर्मा, प्रधान आरक्षक थाना नोहर सिंह, हेमपुष्पा ठाकुर, रमेश कुमार साहू, फगनी निर्मलकर, दीपिका जगनायक, मोहनी मस्के, उपसरपंच मुकेश कुमार साहू, सुनील कुमार चंद्राकर, सचिव नरेश कुमार महतो शामिल हुए।

### वार्षिक उत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह में उमड़ा जनसमुदाय

# सरस्वती शिशु मंदिर खर्रा में वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और प्रहसन रहे आकर्षण का केंद्र





सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा का वार्षिक उत्सव, अभिभावक सम्मेलन एवं विद्यालय अलंकर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन पोषक ग्राम दुपचेरा में स्थानीय पालकों के सहयोग से मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर तारा देवी यादव थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत दुपचेरा दानेश्वरी साहू ने किया। मुख्य वक्ता जिला समन्वयक बालोद दीपक हिरवानी थे। विशिष्ट अतिथि तहसील साहू संघ बालोद उपाध्यक्ष जयंत साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति दुपचेरा मनसुख साहू, उप सरपंच ललित रायपुरिया व ग्राम पंचायत के पंच एवं ग्रामीण विकास समिति के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रधानाचार्य फलदेव साहू के मार्गदर्शन में समस्त अतिथियों द्वारा भारत माता, प्रणव अक्षर ओम एवं सरस्वती माता की छायाचित्र का दीप मंत्र के साथ दीपक प्रज्वलित कर विधिवत पूजन किया गया।

मुख्य वक्ता दीपक हिरवानी ने सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य दीदी भैया बहनों के मन मस्तिष्क में देशभक्ति भाईचारा एवं भारतीय संस्कृति का बीजारोपण करते हैं। तारा देवी यादव ने सरस्वती शिशु मंदिर को संस्कार केंद्र निरूपित करते हुए कहा कि यहां के भैया बहन आचार्य माता–पिता के आज्ञा का पालन करते हैं, अनुशासित होते हैं। वरिष्ठ आचार्य बौद्धिक प्रमुख सुखीत राम कलिहारी ने मकर संक्रांति पर्व के धार्मिक, पौराणिक, आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख दीदी छविलता पटेल के दिशा निर्देशन में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोक परंपरा, लोक शिल्प पर आधारित गीत करमा, ददरिया पंथी, सुवा, राउत नाचा, देश भक्ति गीत, भजन तथा प्रहसन प्रस्तुत किया। कक्षा अरुण उदय से अष्टम तक के भैया बहनों के कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण का दर्शकों ने सराहना किया।

कार्यक्रम का संचालन आचार्य सुखित कलिहारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आचार्य परिवार फलदेव साहू, सुखीत कलिहारी, कामता साहू, दीदी छविलता पटेल, रंजना सिन्हा, रेणुका सिन्हा, लीलेश्वरी साहू, ईश्वरी ठाकुर, दिव्यानी सेन, बाल भारती व शिशु भारती के पदाधिकारी एवं ग्राम दूपचेरा के पालकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# डौंडीलोहारा स्कूल में गौ विज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा





- 111 छात्रों ने उत्साहपूर्वक किया सहभागिता, ग्लोबल वार्मिंग में गौ विज्ञान की भूमिका पर प्रकाश

संजयनगर स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति के तत्वावधान में गौ विज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के कुल 111 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी शिक्षक हेमंत साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि गौ विज्ञान का उद्देश्य गाय से संबंधित उत्पादों के वैज्ञानिक उपयोग के माध्यम से मानव जीवन के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। परीक्षा उपरांत विद्यार्थियों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में विकासखंड डौंडीलोहारा के विकासखंड नोडल लवण कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने गौ विज्ञान परीक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के लिए उपयोगी बताया तथा गौ साहित्य को सभी के लिए लाभकारी बताया। व्याख्याता डुप्ले साहू ने गाय और पर्यावरण के बीच संतुलन को रेखांकित करते हुए ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती में गौ विज्ञान की भूमिका को उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका एनुका शर्मा ने भारतीय पुरातन संस्कृति में गाय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में गौ उत्पादों से मानव जीवन में आने वाले सकारात्मक परिवर्तनों की जानकारी दी। वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम ने पंचगव्य उत्पादों के विषय में विस्तार से बताते हुए उन्हें जीवनोपयोगी बताया। ,संस्था प्रमुख वीरेंद्र कुमार भंडारी ने गाय के जन्म से मोक्ष तक की यात्रा, गौ आधारित उत्कृष्ट खाद तथा गाय के विभिन्न अंगों के उपयोग व उनमें देवों के निवास की मान्यता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया तथा 'ॐ सुरभि नमः' का सामूहिक जाप कराया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमंत साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन छात्रा गीतांजलि निषाद ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## भेजामैदानी के मनरेगा कार्यस्थल पर गूंजा वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



ग्राम पंचायत भेजामैदानी के मनरेगा कार्यस्थल पर राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव, वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत भेजामैदानी अंतर्गत वर्तमान में संचालित मनरेगा कार्य नया तालाब गहरीकरण एवं नवीनीकरण, नवगांव में कार्यस्थल पर कुल 68 मनरेगा मजदूरों, स्व सहायता समूहों की दीदियों सहित लगभग 102 लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जनपद पंचायत गुरूर अंतर्गत राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के स्मरणोत्सव के अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील चंद्रवंशी स्वयं मनरेगा कार्यस्थल नवागांव भेजामैदानी पहुंचे। उनके आगमन से श्रमिकों एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। सीईओ ने मनरेगा मजदूरों, स्व सहायता समूह की दीदियों एवं उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कार्य की प्रगति, मजदूरों की सहभागिता, रोजगार उपलब्धता तथा मनरेगा के माध्यम से गांव में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी ली और श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष का स्मरणोत्सव के अंतर्गत सभी के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस कार्यक्रम ने कार्यस्थल को एक प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया। इसके साथ ही जिला सीईओ द्वारा विकसित भारत 2047 की परिकल्पना एवं शासन की विकसित भारत जी राम जी योजना के लाभ, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण विकास, जल संरक्षण एवं रोजगार सृजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जो कि जल संरक्षण, आजीविका संवर्धन और गांवो के समग्र विकास को सशक्त बनाने में सहायक होगा।

### मकान से जेवरात और नगदी पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** मेला घूमने गए परिवार के मकान के आलमारी से नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि दुर्गा मंदिर नंदगईया पारा खुर्सीपार निवासी निर्मल अग्रवाल वेल्डर का काम करता है। 16 जनवरी को मकान में ताला जड़कर परिवार समेत उतई मेला घूमने गए हुए थे। दूसरे दिन वापस मकान में सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। कमरा में रखे आलमारी के ताला को खोलकर देखने पर सोना चांदी के सारे जेवरात गायब मिले।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### शिव पुराण कथा में शिव गायत्री मंत्र की महिमा का वर्णन

# गायत्री प्रज्ञा पीठ निकुम में शिव पुराण कथा 108 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम

- बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे उपस्थित



गायत्री प्रज्ञा पीठ निकुम में शिव पुराण की कथा मे शिव गायत्री मंत्र जाप की महिमा के बारे में बताया गया। इस दौरान कथा पंडाल में 108 पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। शिव कथा में मां गायत्री की महिमा बताते हुए प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार दीन ने कहा कि वेदों की उत्पति के कारण इन्हें वेदमाता कहा जाता है, समस्त ज्ञान की देवी भी गायत्री हैं, इस कारण गायत्री को ज्ञान–गंगा भी कहा जाता है, माना जाता है कि सृष्टि के आदि में ब्रह्मा जी पर गायत्री मंत्र प्रकट हुआ। मां गायत्री की कृपा से ब्रह्मा जी ने गायत्री मंत्र की व्याख्या अपने चारों मुखों से चार वेदों के रुप में की। आरंभ में गायत्री सिर्फ देवताओं तक सीमित थी, लेकिन जिस प्रकार भागीरथ कड़े तप से गंगा मैया को स्वर्ग से धरती पर उतार लाए उसी तरह विश्वामित्र ने भी कठोर साधना कर मां गायत्री की महिमा अर्थात गायत्री मंत्र को सर्वसाधारण तक पंहुचाया वेद, शास्त्र और पुराण तो गायत्री मां की महिमा गाते ही हैं। अथर्ववेद में मां गायत्री को आयु, प्राण, शक्ति, कीर्ति, धन और ब्रह्मतेज प्रदान करने वाली देवी कहा गया है। इस अवसर पर माधव प्रसाद देशमुख ने कहा सभी मिलकर धर्म रथ में सहयोग किए। वही प्रज्ञा पुत्र हर सेवक मेश्राम ने कहा की सभी गायत्री मंत्र महामंत्र है, इसे अपने जीवन में जरूर अपनाएं, घर समाज में संस्कार से गुरुदेव आचार्य श्री राम के विचारों से नए युग की शुरुवात हो।

इस पर आयोजक प्रमुख के वरिष्ठ चिमनलाल देशमुख, पंचराम देशमुख, माधव प्रसाद देशमुख, निखिल साहू, हेमराज निर्मलकर, रेखा मेश्राम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 17 मार्च से 27 मार्च 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411